# MP Apex Bank 2026 Memory Based Reasoning Question Paper 8 July 2026

**Directions (1-5):** दी गई श्रृंखला को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें:

723 815 453 187 983 456

**Q1.** यदि प्रत्येक संख्या के पहले और दूसरे अंक को आपस में बदल दिया जाए, तो कितनी संख्याएं 500 से बड़ी होंगी?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

(e) पांच

**Ans.(d)**

**Q2.** यदि प्रत्येक संख्या के अंकों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो कौन सी संख्या सबसे बड़ी होगी?

(a) 723

(b) 815

(c) 453

(d) 187

(e) 983

**Ans.(e)**

**Q3.** सभी संख्याओं के अंतिम अंकों का योग क्या है?

(a) 24

(b) 26

(c) 27

(d) 30

(e) 32

**Ans.(c)**

**Q4.** यदि प्रत्येक संख्या में 1 जोड़ा जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्याओं में सभी अभाज्य अंकों का योग क्या होगा?

(a) 23

(b) 16

(c) 53

(d) 26

(e) 38

**Ans.(d)**

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q5.** बाएं से दूसरी संख्या के सबसे बड़े अंक और दाएं से दूसरी संख्या के सबसे छोटे अंक का गुणनफल क्या है?
(a) 18
(b) 24
(c) 27
(d) 32
(e) 36
**Ans.(b)**

**Directions (6-10):** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:
दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं, जिनमें से प्रत्येक में पाँच व्यक्ति हैं, इस प्रकार कि आसन्न व्यक्तियों के बीच समान दूरी है। पंक्ति-1 में, M, N, O, P और Q बैठे हैं और सभी दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं। पंक्ति-2 में, E, F, G, H और I बैठे हैं और सभी उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं, इस प्रकार कि एक पंक्ति का प्रत्येक व्यक्ति दूसरी पंक्ति के व्यक्ति के ठीक विपरीत बैठा है, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो।
O और Q के बीच दो व्यक्ति बैठें हैं लेकिन O किसी भी अंतिम छोर पर नहीं बैठा है। वह व्यक्ति जो O के विपरीत बैठा है, E से दो स्थान दूर बैठा है। वह व्यक्ति जो N के विपरीत बैठा है, G के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। I, G के बाएँ बैठा है। Q, H के विपरीत नहीं बैठा है। M और H पंक्ति के अंतिम छोर पर नहीं बैठें हैं। P और O निकटतम पड़ोसी नहीं हैं।

**Q6.** निम्नलिखित में से कौन P के विपरीत बैठे व्यक्ति के ठीक दाएँ बैठा है?
(a) E
(b) I
(c) H
(d) F
(e) G
**Ans.(e)**

**Q7.** निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा अंतिम छोड़ पर बैठा है?
(a) G और N
(b) E और Q
(c) I और N
(d) Q और H
(e) N और E
**Ans.(c)**

**Q8.** N के संदर्भ में P का स्थान क्या है?
(a) बाएँ से तीसरा
(b) ठीक दाएँ
(c) ठीक बाएँ
(d) दाएँ से दूसरा
(e) दाएँ से तीसरा
**Ans.(e)**

**Q9.** निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?
I. F, P के निकटतम पड़ोसियों में से एक के सामने बैठा है।
II. O और Q के बीच दो व्यक्ति बैठा है।
III. G, M के विपरीत बैठा है।
(a) केवल I और II
(b) केवल II और III
(c) सभी I, II और III
(d) केवल III
(e) केवल II
**Ans.(b)**

**Q10.** यदि Q, E से संबंधित है और O, F से संबंधित है, तो निम्नलिखित में से कौन H से संबंधित है?
(a) G
(b) E
(c) P
(d) H
(e) M
**Ans.(e)**